पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

बैतूल, 29 जून. पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा जप्त कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा किया जब्त

आरोपी को न्यायालय में किया गया प्रस्तुत

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 30 जून 2025 को चिखलार के कोटवार मनोज ने सूचना दी गई कि ग्राम चिखलार में अकेली रहने वाली महिला बबली भुसुमकर का शव संदिग्ध परिस्थिति में उसके घर में पड़ा हुआ है। सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और मृतिका का मर्ग पंचनामा कर शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। घटनास्थल को सुरक्षित कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। प्रभारी सीन ऑफ क्राइम निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक भौतिक साक्ष्य संकलित किए गए एवं घटनास्थल की विधिवत फोटोग्राफी कराई गई। मृतिका के शव का जिला चिकित्सालय बैतूल में डॉक्टरों की टीम से पीएम कराया गया, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली बैतूल में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना में सामने आए तथ्य : मृतिका बबली भुसुमकर के पति की मृत्यु लगभग 4-5 वर्ष पूर्व हो चुकी थी। उसके दोनों बच्चे बाहर रहते हैं और वह घर में अकेली रहती थी। इसी दौरान मृतिका के अपने ही गांव के निवासी गोलू उर्फ देवेश अतुलकर के साथ अवैध संबंध बन गए थे। 29 जून की शाम को किसी विवाद के चलते आरोपी ने लकड़ी के डंडे से मृतिका के सिर व पैर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गोलू उर्फ देवेश अतुलकर पिता तुलसीराम अतुलकर निवासी ग्राम चिखलार को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा जप्त किया गया एवं आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण को सुलझाने में थाना प्रभारी कोतवाली रविकांत डेहरिया, निरीक्षक आबिद अंसारी सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

ऐसे व्यक्ति को समाज में रहने का हक नहीं : विशेष न्यायाधीश

बैतूल। चिचोली पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गए 80 हजार मूल्य के जेवरात बरामद किए गए हैं। मिश्रीलाल भलावी निवासी झिरनाढाना चिरापाटला, थाना चिचोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भतीजे अमरलाल और दोनों बच्चों के साथ खेत में गेहूँ थ्रेसर कराने गया था। पत्नी दुर्गावती मायके ग्राम गोधना गई हुई थी। जब वह रात्रि 3.00 बजे वापस लौटा, तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था और आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। उस समय उसे कुछ संदेह नहीं हुआ, जिस पर उसने वापस सामान जमा कर रख दिया। लेकिन जब उसकी पत्नी मायके से लौटी, तब उसने बताया कि आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात एवं कुछ दस्तावेज गायब हैं। जब दोनों ने मिलकर आलमारी की जांच की, तो पता चला कि सोने का मंगलसूत्र, सोने की लोंग, चांदी की पायल-पैरपट्टी, चांदी का कमर पट्टा एवं स्व-सहायता समूह से संबंधित दस्तावेज व आधार कार्ड गायब हैं। फरियादी द्वारा संदेह जताया गया कि उक्त चोरी में ग्राम झिरनाढाना चिरापाटला के ही दो व्यक्तियों कन्हैया उर्फ लिंगू एवं दिनेश उर्फ दिनू का हाथ हो सकता है। रिपोर्ट पर थाना चिचोली में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें कन्हैया उर्फ लिंगू पिता रामकरण बरकडे निवासी झिरनाढाना चिरापाटला और दिनेश उर्फ दिनू पिता नत्थू उइके निवासी झिरनाढाना चिरापाटला ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए सोने का मंगलसूत्र, सोने की लोंग, चांदी की पायल पैरपट्टी, चांदी का कमर पट्टा कुल कीमत 80 हजार बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय बैतूल में पेश किया।

विद्यार्थियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक का किया सम्मान

बैतूल। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला गोनीघाट के शिक्षक जयप्रकाश सरले 30 जून को सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विदाई सह-सम्मान समारोह आयोजित कर शाला परिवार के सदस्य, ग्रामवासी और विद्यार्थियों ने शिक्षक जयप्रकाश सरले को उनके 42 वर्षों के शानदार शैक्षिक सेवा काल के लिए सम्मानित किया। शिक्षक श्री सरले ने अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर सभी को अपनी सेवा के समय के अनुभवों से प्रेरित किया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक श्री सरले द्वारा संकुल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शाला गणवेश प्रदान की गई। साथ ही सभी ग्रामवासियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, यह जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन करती है। यदि आप मन लगाकर पढ़ाई करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

एक नजर में

मां ताप्ती जन्मोत्सव पर आज स्थानीय अवकाश

बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आज 2 जुलाई को मां ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया हुआ है। मां ताप्ती जन्मोत्सव जिले का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसमें प्रतिवर्ष मुलताई में करीब एक लाख श्रद्धालु मां ताप्ती की पूजा-अर्चना और स्नान के लिए एकत्रित होते हैं। इस पावन अवसर पर पूरे जिले में आस्था और उल्लास का वातावरण छा जाता है। जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने इस दिन सार्वजनिक अवकाश के आदेश किए हैं।

आरडी पब्लिक स्कूल में मनाया डॉक्टर्स डे

मुलताई। आरडी पब्लिक स्कूल मुलताई में डॉक्टर्स डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।इस अवसर पर नगर के कई प्रतिष्ठित डॉक्टर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य चिकित्सा क्षेत्र और करियर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी । विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथि डॉक्टर का स्वागत करते हुए कहा कि डॉक्टर हमारे समाज के सच्चे नायक है जो निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं वही डॉक्टर ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के सुझाव दिए और बताया कि छोटी उम्र से ही अगर सही आदते डाली जाए तो जीवन भर स्वस्थ रहा जा सकता है। विद्यालय प्रबंधन ने डॉक्टर को पौधे भेट किये ।यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि विद्यार्थियों के भीतर सेवा और समर्पण की भावना को भी प्रोत्साहित करने वाला सिद्ध हुआ ।

डेंगू बीमारी से बचने जारी की एडवाइजरी

बैतूल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि प्रतिवर्ष जुलाई माह को डेंगू निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है। डेंगू, रोग एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, यह मच्छर साफ पानी में पनपता है, अत: सप्ताह में एक बार कूलर, टंकी एवं अन्य स्थानों पर भरे हुए पानी को अवश्य खाली करना चाहिए। टायर, गमले, नारियल के खोल आदि में पानी जमा नहीं होने देना चाहिये, अंडरग्राउंड वाटर स्टोरेज टेंक को ढककर रखें। जहां पानी खाली करना संभव न हो वहां मीठा तेल डाल दें जिससे पानी के ऊपर तेल की परत बन जाती है, और एडीज मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाते हैं।

अड़ीबाजी कर मारपीट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

सारणी। अड़ी बाज़ी कर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत नामजद 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। 25जून को फरियादी दीनदयाल पिता चुन्नीलाल गुर्जर निवासी सुपर ई सारणी द्वारा थाना सारणी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह अपनी मोटरसाइकिल से 111 हेक्टेयर धसेड राख बांध जा रहा था तभी करीब 8.15 की बात है एमपी पीजीसीएल के साइड ऑफिस की लाल चौकी के पास पहुंचा तो फरियादी के पीछे बृजेश पटेल अपने अन्य 3 साथियों के साथ

बोलेरो गाड़ी से आया और फरियादी से बोला कि राखड डैम में काम करना है तो मुझे हर महीने 50000 रूपये दो नहीं तो मैं काम नहीं करने दूंगा। मेरे मना बोलने पर बृजेश पटेल अपने अन्य 03 साथियों के साथ मुझे फावड़े के दस्ता से मारपीट करने लगा एवं जान से मारने की धमकी दे रहे थे जिससे फरियादी को हाथ की हथेली, ऊंगली में चोट आई थीं। जिस पर फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सारणी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। घटना के संबंध में थाना सारणी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2), 3(5), बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने इस मामले में बृजेश पिता हरिश्चंद्र पटेल निवासी पाटाखेड़ा सारणी, सुमिर उर्फ भूरा पिता सुरेश उईके निवासी वार्ड नंबर 1 सारणी, प्रदीप उर्फ मधु पिता पंचम उईके और मोइन खान पिता फिरोज खान निवासी वार्ड नंबर 1 सारणी को गिरफ्तार उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक बोलेरो वाहन, फावड़े के दस्ता आदि सामान जप्त किया गया है और आरोपियों को न्यायालय बैतूल में प्रस्तुत किया गया।

बारिश से सड़क पर हुआ कीचड़, लोग परेशान

भौरा। ग्राम पंचायत कछार के टावर मोहल्ले की मुख्य सड़क बरसात शुरू होते ही कीचड़ में तब्दील हो गई है।

सड़क कीचड़ से भर जाने के कारण न सिर्फ आम ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि स्कूली बच्चों को भी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए इस मार्ग पर तुरंत मुरम या बजरी डलवाने की मांग की है। ग्रामीण रमेश यादव, फुन्दू यादव, प्रेम लाल यादव, मुकेश यादव, सुरेश यादव और गोलू यादव ने बताया कि बारिश के चलते सड़क पर कीचड़ इतना ज्यादा हो गया है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। यही रास्ता बच्चों को स्कूल ले जाने वाला प्रमुख मार्ग है। कीचड़ की वजह से कई बार बच्चे रास्ते में गिर जाते हैं, जिससे अभिभावकों में भी चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से न केवल टावर मोहल्ले बल्कि आसपास के कई मोहल्लों के लोग भी रोजाना आते-जाते हैं। उन्होंने पंचायत से मांग की है कि सड़क पर तुरंत बजरी या मुरम डलवाकर कीचड़ की समस्या से राहत दिलाई जाए। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही समस्या का हल नहीं निकाला गया, तो वे पंचायत कार्यालय जाकर प्रदर्शन करेंगे और यह मुद्दा जिला प्रशासन के समक्ष भी उठाएंगे, ताकि ग्रामीणों की समस्या का समाधान हो सके। इस संबंध में पंचायत सचिव संजू उइके का कहना है कि हम ग्रामीणों की समस्या समझते हैं, लेकिन पंचायत के पास वर्तमान में मुरम डलवाने का कोई निर्धारित प्रावधान नहीं है। यदि इस कार्य के लिए प्रावधान होता, तो हम एस्टीमेट बनाकर कार्य स्वीकृत करवा देते और मुरम डलवा देते। हम उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराएंगे ताकि आगामी कार्ययोजना में इसे शामिल किया जा सके।

गणित विषय के 39 माध्यमिक शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

भैंसदेही। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 एवं इसके प्रमुख घटक राष्ट्रीय पाठ्य चर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के प्रमुख लक्ष्य अनुरूप सभी बच्चों को उच्चतम गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एनसीईआरटी द्वारा कक्षा छठवीं की गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की नवीन पुस्तक तैयार की गई है। इन पुस्तकों को प्रदेश में लागू किया गया है। इसलिए वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के अंतर्गत माध्यमिक शालाओं की कक्षा छठवीं पढ़ने वाले शिक्षकों को गणित विषय की एनसीईआरटी की नवीन पुस्तक पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालय पर पीएमश्री कन्या उमावि भैंसदेही मे आयोजित किया गया, जो मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । प्रशिक्षण प्रभारी श्रीराम भुस्कुटे ने बताया कि प्रशिक्षण में विकास खंड की माध्यमिक शालाओ में कक्षा छठवीं में गणित विषय का अध्यापन कराने वाले 45 में से 39 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी शिक्षकों का प्री एवं पोस्ट टेस्ट प्रशिक्षण के दौरान लिया गया। बीआरसी सुखदेव धोटे ने कहा कि प्रशिक्षण का लाभ अपने स्कूली बच्चों को दे, सभी शिक्षक समय पर शाला मे पहुँच कर शाला का विधिवत संचालन करे।

पहाड़ी दरकने से बढ़ा खतरा, सड़क पर गिरे पत्थर

चिचोली। नेशनल हाईवे 47 फेम 2 के अंतर्गत सीताडोंगरी से टेमा गांव तक हाल ही में निर्मित सड़क यात्रियों के लिए खतरे का सबब बनते जा रही है। बरसात के मौसम में इस मार्ग पर जगह पहाड़ी दरक रही है और बड़े-बड़े पत्थर सड़क पर गिर रहे हैं। हादसे की आशंका बढ़ रही है। सोना चूनाहजूरी से दरियागंज तक विशेष का धनिया जब रिच घाट और पीपल घाट ओवर ब्रिज क्षेत्र पहाड़ों से कई कई जगह कुतल वजनी पत्थर सड़क पर गिरे हुए कभी किसी वहां से टकरा सकते हैं या उन पर गिर सकते हैं। जिससे जान माल का बहुत भारी खतरा है। अधिकांश स्थानों पर जाली नहीं लगाई गई,

जहां जाली लगाई गई, वहां केवल औपचारिकता पर साबित हो रही है। बारिश के साथ सड़क पर मलबा और पत्थर गिरे हुए स्थानीय लोगों ने इस स्थिति के लिए कंडक्शन कंपनी जीत एशिया और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एएनचएअई) को जिम्मेदार ठहराया है। घाट कटिंग मार्ग में सुरक्षा मानको अनदेखी की गई स्थाई नागरिक जनप्रतिनिधियों की मांग है कि संबंधित विभाग तुरंत कार्रवाई कर सभी सुरक्षित जलीय लगावाए और सड़क पर गिरे पत्थर हटवाया जाए यदि समय रहते यहां कदम नहीं उठा तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होने से इन कार नहीं किया जा सकता।

वर्धा 2 सिंचाई परियोजना के सर्वेक्षण कार्य को स्वीकृति

मुलताई। विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा क्षेत्र में कि सिचाई क्षमता बढाने के लगातार प्रयास किए जा रहे है। विधायक देशमुख के प्रयासों से जलसंसाधन विभाग द्वारा वर्धा-2 मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना के सर्वेक्षण कार्य को प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने के पश्चात वर्धा- 2 सिंचाई परियोजना की स्वीकृति से क्षेत्र की 3200 हेक्टेयर भूमि सिंचित होने की संभावना हैं। इस स्वीकृति से प्रभात पट्टन ब्लाक के तिवरखेड़, पाबल, वंडली तथा अन्य ग्रामो के किसानो को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उक्त सिंचाई परियोजना की स्वीकृति से अनेकों किसानों को सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी,वहीं ग्रामीण अंचलों में पीने के पानी की आपूर्ति भी सुनिश्चित होगी। मुलताई विधानसभा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। इस सिंचाई परियोजना की स्वीकृति से जहां एक ओर किसानों के सिंचाई रकबे में वृद्धि होगी वहीं इससे उनके उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होगी। जिससे किसान और अधिक आर्थिक रूप से समृद्ध होगा मजबूत होगा ।वर्धा- 2 सिंचाई परियोजना की स्वीकृति मिलने पर किसानो ने विधायक चंद्रशेखर देशमख का आभार माना है।

सांसद बंटी साहू की पदयात्रा खंडवा के लिए रवाना

मुलताई। छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा से खंडवा तक की पदयात्रा पर निकले हैं। यात्रा छिंदवाड़ा से खंडवा तक 14 दिनों में पूरी होगी। सांसद प्रतिदिन 25 से 28 किलोमीटर पैदल चलकर ग्रामीणों से संवाद कर रहे हैं। इसी दौरान यात्रा सोमवार रात पवित्र नगरी मुलताई पहुंची जहां यात्रा का भव्य स्वागत किया गया । वहीं सांसद साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ रात्रि विश्राम किया। मंगलवार सुबह 6.30 बजे मां ताप्ती मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद यात्रा ने बैतूल की ओर प्रस्थान किया। सांसद साहू ने कहा कि मां ताप्ती जीवन दायिनी है और बुधवार को

मां ताप्ती का जन्म उत्सव है। उसके पहले उन्हें मां के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, उन्होंने पूरे क्षेत्रवासियों को जन्मोत्सव की बधाई दी है। पदयात्रा में भाजपा नेता गणेश साहू, उपेंद्र पाठक, गजनी साहू और गगन साहू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं।इस दौरान मुलताई में सुबह से लगातार बारिश हो रही है, इसके बावजूद सांसद और अन्य कार्यकर्ता बारिश से बचने के लिए छातों का उपयोग करते हुए पैदल ही आगे बढ़ गए हैं। सांसद साहू ने बताया है कि यह उनकी अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है।

खुलासा : चोरी गए नगदी एवं माल के साथ आरोपी गिरफ्तार

सारनी। पाथाखेड़ा चौकी थाना सारनी द्वारा 30 जून को फरियादी उमेश पिता पहलाद विश्वकर्मा निवासी वार्ड नंबर 33 शोभापुर थाना सारनी की रिपोर्ट पर कार्यवाही की गई, जिसमें बताया गया कि वह अपनी बेटी के एडमिशन कराने के लिए 24 जून को इंदौर गया था जो वापस 26 जून को घर आये तो देखा की सामने के गेट का ताला टूटा था एवं घर के अंदर अलमारी का भी ताला टूटा हुआ था। जिसमें मेरे 15000 रूपये रखे थे जो नहीं मिले एवं मेरे एक जोड़ी जूते भी मेरे घर से भी नहीं मिले थे। बाद हमने आस पास मोहल्ले में पूछताछ कि कुछ पता नहीं

चलने पर मैने दिनांक 30 जून को चौकी पाथाखेड़ा जाकर रिपोर्ट किया की अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे घर में घुसकर चोरी की हैं। चौकी पाथाखेड़ा अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध धारा 331(4),305 बीएनएस का कायम तत्परता से कार्रवाई प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी जयपाल इनवाती द्वारा घटना की सूचना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोशन कुमार जैन को दी गई एवं उनके निर्देशन में कार्यवाही प्रारंभ की गई। चोरी गए माल की तलाश के लिए उनि आशीष कुमरे के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर अम्मू उर्फ आमिर खान पिता निसार खान निवासी बगडोना आदिल अफसार पिता आमीन अंसारी निवासी शोभापुर कॉलोनी को राउंडअप कर पूछताछ की गई। पूछताछ में संदेही ने चोरी करना स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से फरियादी के घर से चोरी गए नगदी 15000 रूपये में से 10000 रूपये एवं एक जोड़ी जूते बरामद किए शेष 5000 रुपए दोनों ने मिलकर खर्च करना बताया। आरोपी को गिरफ्तार कर बैतूल न्यायालय पेश किया गया।

जनसुनवाई कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों का कटेगा एक दिन का वेतन

बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

जिला पंचायत सीईओ भी रहे मौजूद

इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले की सभी जनपद पंचायतों में भी प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। सभी खंड स्तरीय अधिकारियों को जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में उपस्थिति संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है और इसमें लापरवाही को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले जिला अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसे अधिकारियों के एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में उद्यानिकी, सहकारिता, एमपीईबी इत्यादि विभागों के जिला अधिकारियों के एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जीन निवासी सुनीता ने कंडम छात्रावास भवन खाली कराए जाने के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने ट्राइबल विभाग को छात्रावास भवन खाली करवाकर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

भूमि का कब्जा दिलाने तहसीलदार को दिए निर्देश

जनसुनवाई में शाहपुर तहसील के ग्राम चिखली रैयत निवासी साहब लाल ने भूमि का कब्जा दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि चिखली रैयत में उनकी भूमि पर रामाधार ने अवैध कब्जा कर लिया है। अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार के पास से सीमांकन का केस पक्ष में आने के बाद भी मुझे मेरी भूमि का कब्जा नहीं मिल पाया है। आवेदक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शाहपुर तहसीलदार को तत्काल भूमि का कब्जा दिलाए जाने के निर्देश दिए। बैतूल मुख्यालय के गर्ग कॉलोनी के निवासियों ने आवेदन देकर वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग की।

खुले में लग रही मांस-मटन की दुकान, हटाने की मांग

भैंसदेही। ग्राम पंचायत धुडिया नई के निवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारी से शिकायत की है कि बडगाँव जोड़ पर यात्री प्रतिक्षालय और गुणवंत बाबा मंदिर के पास खुले में मांस-मटन की दुकानें लगाई जा रही हैं।

खुले में मांस बिक्री से यात्रियों और श्रद्धालु परेशान

एसडीएम से मांस दुकान हटवाने की मांग

इससे यात्रियों और श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। समस्या के कारण यात्री प्रतिक्षालय में रुकने और बैठने में समस्या, गुणवंत बाबा मंदिर में पूजा-पाठ और धार्मिक भावनाओं पर विपरीत प्रभाव,स्कूली बच्चों के दिमाग पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यात्री प्रतिक्षालय के पास प्रतिदिन लगभग 300 से 500 लोगों का आवागमन रहता है, और स्कूली बच्चे भी आते-जाते हैं। इससे उनके भविष्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मांस-मटन की दुकानें हटवाई जाएं और आगे से ऐसी दुकानें न लगने दी जाएं। उन्होंने कई बार दुकानें हटवाने के लिए निवेदन किया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अनुविभागीय अधिकारी और थाना प्रभारी से इस मामले में कार्रवाई करने और मांस-मटन की दुकानें हटवाने के आदेश दें। मप्र सरकार ने पहले ही नियमों की अनदेखी कर खुले में मांस-मटन के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने की बात कही है। ग्राम पंचायत धुडिया नई के निवासियों की मांग है कि मांस-मटन की दुकानें हटवाई जाएं।